# सेंट एंड्र्यूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: 2026-27

| कक्षा:8- | विषय अमृत संचय: | पाठ: 5 काबुलीवाला |
|---|---|---|

**1. बालिका (मिनी) कितने वर्ष की थी? उसका स्वभाव कैसा था?**

उत्तरः मिनी लगभग पाँच वर्ष की थी। उसका स्वभाव चंचल, नटखट, बातूनी और मिलनसार था।

**2. काबुलीवाला मिनी को क्या देता था? और क्यों?**

उत्तरः काबुलीवाला मिनी को किशमिश, बादाम, पिस्ता आदि मेवे देता था, क्योंकि वह उसे अपनी बेटी की तरह स्नेह करता था।

**3. काबुलीवाले ने मिनी के पिता की अठन्नी क्यों नहीं ली?**

उत्तरः उसने अठन्नी नहीं ली क्योंकि वह मिनी को मेवे प्रेम और स्नेहवश देता था, उनका मूल्य नहीं लेना चाहता था।

**4. रहमत को सजा क्यों हुई?**

उत्तरः रहमत ने अपने उधार के पैसे माँगने पर हुए झगड़े में एक व्यक्ति को चाकू मार दिया, इसलिए उसे जेल की सजा हुई।

**5. मिनी को विवाह के वस्त्रों में देखकर रहमत क्यों सकपका गया?**

उत्तरः मिनी को बड़ी होकर दुल्हन के रूप में देखकर रहमत को अपनी बेटी की याद आ गई। उसे एहसास हुआ कि समय बहुत बीत चुका है, इसलिए वह भावुक और सकपका गया।